
ISSN : 2582-6360

# विश्व दीप दिव्य संदेश

मासिक शोध पत्रिका

वर्ष 28 | अंक 09 विक्रम संवत् 2081 सितम्बर 2024 | पृष्ठ 34

संरक्षक : विश्वगुरु महामण्डलेश्वर परमहंस श्री स्वामी महेश्वरानन्दपुरीजी



गणेश चतुर्थी

प्रकाशक

विश्वगुरुदीप आश्रम शोध संस्थान

(राजस्थान संस्कृत अकादमी एवं
जगद्गुरुरामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय से सम्बद्ध)

कीर्ति नगर, श्याम नगर, सोढाला, जयपुर

Narayan

ISSN : 2582-6360

# विश्व दीप दिव्य संदेश

मासिक शोध पत्रिका

वर्ष 28 | अंक 09 विक्रम संवत् 2081 सितम्बर 2024 | पृष्ठ 34

परामर्शदाता
देवर्षि कलानाथ शास्त्री
प्रो. बनवारीलाल गौड़
प्रो. दयानन्द भार्गव
प्रो. कैलाश चतुर्वेदी
डॉ. शीला डागा
प्रो. (डॉ.) गणेशीलाल सुथार

प्रधान सम्पादक
श्री सोहन लाल गर्ग
श्री एम.एल. गर्ग

सम्पादक
डॉ. सुरेन्द्र कुमार शर्मा

सह-सम्पादक
डॉ. रघुवीर प्रसाद शर्मा
श्री कपिल अग्रवाल
तिबोर कोकेनी
श्रीमती अन्या वुकादिन

- प्रमुख संरक्षक -
परम महासिद्ध अवतार श्री अलखपुरी जी
परम योगेश्वर स्वामी श्री देवपुरी जी

- प्रेरणास्त्रोत -
भगवान् श्री दीपनारायण महाप्रभुजी

- संस्थापक -
परमहंस स्वामी श्री माधवानन्द जी

- संरक्षक -
विश्वगुरु महामण्डलेश्वर परमहंस
श्री स्वामी महेश्वरानन्दपुरीजी

- प्रबन्ध सम्पादक -
महामण्डलेश्वर स्वामी ज्ञानेश्वर पुरी

प्रकाशक

**विश्वगुरुदीप आश्रम शोध संस्थान**

(राजस्थान संस्कृत अकादमी एवं जगद्गुरुरामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय से सम्बद्ध)

कीर्ति नगर, श्याम नगर, सोढाला, जयपुर

**Website :** vgda.in | **Youtube :** www.youtube.com/c/vishwagurudeepashram | **E-mail :** jaipur@yogaindailylife.org

Sponsored by : **Narayan D.O.O. - narayanfoods.com**

# अनुक्रमणिका


| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | सम्पादकीय | डॉ. सुरेन्द्र कुमार शर्मा | 3 |
| 2. | YOGA SUTRAS OF PATANJALI | Swami Maheshwaranandapuri | 4 |
| 3. | भाद्रपद मास के पर्व | देवर्षि कलानाथ शास्त्री | 9 |
| 4. | श्री मधुसूदन ओझा समीक्षा चक्रवर्ती | डा. सुरेन्द्र कुमार शर्मा | 13 |
| 5. | श्रीगणेशचतुर्थी ( भाद्रपद शुक्ल चतुर्थी ) | श्रीमती प्रतिभा गर्ग | 24 |
| 6. | श्रीगोगानवमी-गोगामेड़ी-दर्शन (भाद्रपद कृष्ण नवमी) | श्रीमती अंजना शर्मा | 26 |
| 7. | वेदों में प्रधान देवता- अग्नि देव | देवेन्द्रसिंह मोछाल | 28 |
| 8. | राष्ट्रोपनिषत् | स्व. डॉ. नारायणशास्त्री काङ्कर | 32 |



विश्वदीप दिव्य संदेश पत्रिका का वार्षिक सदस्यता शुल्क **800/- रूपये**

**खाता संख्या : 5013053111**

**IFS Code : KKBK0003541**

मुद्रण : **कन्ट्रोल पी**, जयपुर - मो. : 9549666600

# सम्पादकीय

विश्वगुरुदीप आश्रम शोध संस्थान द्वारा प्रकाशित मासिक शोधपत्रिका का वर्ष 2024 का नवम अंक आपके करकमलों में अर्पित करते हुए अत्यधिक हर्ष का अनुभव हो रहा है। भारतीय धर्म-संस्कृति के शोधलेखों का यह संग्रह विद्वानों द्वारा सराहा जा रहा है। यह अंक वैशाख मास विशेषांक के रूप में प्रकाशित किया जा रहा है। विद्वानों द्वारा नियमित भेजे जा रहे शोधलेख हमारा मनोबल बढ़ा रहे हैं व पत्रिका के महत्त्व को भी आलोकित कर रहे हैं। पूर्व अंकों में सभी उच्चस्तरीय विद्वानों के लेख प्रकाशित हुए हैं।

इसमें सर्वप्रथम महामण्डलेश्वर स्वामी महेश्वरानन्दपुरीजी द्वारा लिखित YOGA SUTRAS OF PATANJALI शोध लेख में पातंजलयोगसूत्र के प्रतिपाद्य की आधुनिक सन्दर्भ में उपयोगिता दर्शायी गयी है। तत्पश्चात् देवर्षि कलानाथ शास्त्री द्वारा लिखित **'भाद्रपद मास के पर्व'** नामक लेख में वर्षा ऋतु के चार महीनों में सभी धर्मों के साधु सन्यासियों के द्वारा किये जाने वाले चातुर्मास्य एवं भाद्रपद मास के विभिन्न पर्वों के बारे में बताया है। तत्पश्चात् डा. सुरेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा संकलित **'श्री मधुसूदन ओझा समीक्षा चक्रवर्ती'** लेख में विद्यावाचस्पति श्री मधुसूदन ओझा जी का जीवन परिचय एवं साहित्यिक परिचय को दिया है। इसी क्रम में श्रीमती प्रतिभा गर्ग द्वारा लिखित **'श्रीगणेशचतुर्थी ( भाद्रपद शुक्ल चतुर्थी )'** लेख में गणेश चतुर्थी व्रत का महत्व एवं विधि का उल्लेख किया है। तत्पश्चात् श्रीमती अंजना शर्मा द्वारा लिखित **श्रीगोगानवमी-गोगामेड़ी-दर्शन (भाद्रपद कृष्ण नवमी)** लेख में श्री गोगाजी के जन्मोत्सव तथा इस दिन उनके दर्शन करने से होने वाले लाभ के बारे में जानकारी दी है। साथ ही देवेन्द्रसिंह मोछाल द्वारा लिखित **'वेदों में प्रधान देवता- अग्नि देव'** नामक लेख में अग्नि की प्रधानता पर प्रकाश डाला है। अन्त में स्व. डॉ. नारायणशास्त्री काङ्कर के **'राष्ट्रोपनिषत्'** के कतिपय पद्य प्रकाशित किये गये हैं, जो गुरुशिष्यपरम्परा के गौरव को प्रदर्शित करने के साथ साथ आत्मचिन्तन की प्रेरणा प्रदान करने वाले हैं।

आशा है, सुधी पाठक इन्हें रुचिपूर्वक हृदयंगम करने में अपना उत्साह पूर्ववत् बनाये रखेंगे।

शुभकामनाओं सहित....

**-डॉ. सुरेन्द्र कुमार शर्मा**

# YOGA SUTRAS OF PATANJALI

## A Guide to Self-knowledge

**Mahamandleshwar Paramhans**
**Swami Maheshwaranandapuri**

अस्तेयप्रतिष्ठायांसर्वरत्नोपस्थानम् ॥ ३७ ॥

**37. asteya-pratiṣṭhāyāṃsarva-ratnopasthānam**

*asteya – non-stealing*
*pratiṣṭhāyā – firmness, point of view*
*sarva – all*
*ratna – jewel, treasure*
*upasthāna – to approach*

**Firmness in not stealing brings about the gain of all treasures.**

*Lakshmī*, the goddess of prosperity, settles only where the virtues of sincerity and respectability are cultivated. Prosperity does not consist solely of material possessions, but also – and especially –of harmony, joy, contentment and well-being.

Stolen wealth and wealth acquired through injustice do not bring happiness to the owner. Stolen is also that wealth which we obtain through the exploitation of nature. Likewise, it is theft when we increase our own possessions through power and influence at the expense of other, weaker people.

ब्रह्मचर्यप्रतिष्ठायांवीर्यलाभः ॥ ३८ ॥

**38. brahmacarya-pratiṣṭhāyāṃvīrya-lābhaḥ**

*brahmacarya – abstinence, pure way of life*
*vīrya – strength*
*lābha – to receive, to keep*

**Through firmness in pure living, strong vitality is attained.**

In any ashram or monastery, sexual abstinence is required. This is for three reasons.

1. There is a tremendous amount of energy bound up in the seed. Just think of a tiny seed growing into a huge tree. This power, if tamed, can be transformed into spiritual energy. This is true not only for men, but in the same way for women.

2. Through abstinence, the stored sexual energy can also serve as a "nutrient" for the brain and increase mental capacity.

3. One who is seized by bodily passion easily falls into attachment and dependence (*rāga*and *moha*). As the feelings and thoughts are directed more towards the desired person and less towards God, spiritual aspiration is diminished.

However, abstinence requires the correct guidance and instruction. Those who have not learned to properly redirect and transform the accumulating energy, but suppress and block it, can get into serious psychological problems.

Sexual energy is an extremely powerful force that finds an outlet in other ways when it remains unsatisfied – in emotional imbalance, in hysterical or allergic reactions, in binge eating or anorexia, and other psychological and psychosomatic symptoms.

The resolve to abstain from spiritual pursuit is beneficial only when one knows how to store and utilise the energy. The right diversion of this energy is upward to the *Āgyā Chakra* and *Sahasrāra Chakra*, through positive thinking, prayer, mantra practice, meditation and *sattvic* food.

Yoga teaches the importance of a *sattvic* diet, that is, a lactovegetarian diet without the consumption of meat, fish, and eggs, because *rājasic*or *tamasic* foods arouse the sexual

energy at inopportune times and easily get out of control.

The principle of *brahmacharya* is also fulfilled in living harmoniously with a life partner. The scriptures say, "One who lives in harmony with a partner is always a *brahmachari.*"Two partners who live together like the two halves of a whole, directing their aspirations and actions towards God, will derive blessings, strength and inspiration from sexual energy.

अपरिग्रहस्थैर्येजन्मकथंतासम्बोधः ॥ ३९॥

**39. aparigraha-sthairyejanma-kathantā-saṃbodhaḥ**

*aparigraha – non-collection*
*sthairya– consolidated*
*janma– birth, life*
*kathantā – the "how and why"*
*saṃbodha – embodiment*

Firmness in desirelessnessleads to insight into the cause and meaning of the present birth.

Many would like to know about their past lives. But the cosmic law has arranged it in such a way that man has no knowledge about the past lives. Therefore, we should not act against this order out of curiosity and try a "regression" through any techniques.

In our many births we had countless relationships: parents, partners, children, friends ... Perhaps our mother or our child from a previous life is suffering in the present existence. The knowledge of this would only cause us new worry and distress.

As soon as the corresponding level of consciousness is reached, knowledge also follows. When we are so detached inwardly that we no longer suffer from it, the door to the knowledge of previous existences also opens in us.

शौचात् स्वाङ्गजुगुप्सा परैरसंसर्गः ॥ ४० ॥

**40. śaucāt-sva-aṅga-jugupsāparairasaṃsargaḥ**

*śauca – purity*
*sva – self*
*aṅga – limb, here: body*
*jugupsā– dislike, aversion*
*parair– to go away, to avoid*
*asaṃsarga – not to touch, not to mix*

Purity arises in the renunciation of the physical and avoidance of derogatory contact.

The physical, material is no longer so important to the yogi. Relationships based on emotion and passion have lost their importance. They pay attention to the way they interact, seeking good company (*satsang*) and avoiding bad company (*kusang).*

सत्त्वशुद्धिसौमनस्यैकाग्र्येन्द्रियजयात्मदर्शनयोग्यत्वानि च ॥ ४१ ॥

**41. sattvaśuddhi-saumanasya-ekāgrya-indriyajaya-*ātma*darśana-yogyatvāni ca**

*sattvaśuddhi – pure being*
*saumanasya – serenity*
*ekāgrya – focused on one point*
*indriyajaya – control over the senses*
*ātmadarśana – vision of the self*
*yogyatvāni – ability, power*

From this comes a pure being, a serene mind, a concentrated spirit, control over the senses, and ability to know the true self.

*Saucha*means not only physical purity, but also purity of mind. Purifying our character is like cutting and polishing a gemstone. In the beginning, a crystal may not even be recognisable as such. It is only when the dirt is removed that it acquires, through polishing, that brilliance and fire which we admire and by which it receives its value. The

mind is "dirt-encrusted" by such qualities as jealousy, greed, anger, pride, hypocrisy, which stick to us like tar and obscure the glow of the *ātma*. Gloom, complexes and inner blockages also wall us in and act like closed doors that do not let the light through.

We can overcome these obstacles through yoga practice and living according to the principles of *yama*and *niyama.* Every spiritual practice aims at purifying the mind and opening the gate to the inner self. Then the radiance of God begins to shine from us.

सन्तोषादनुत्तमसुखलाभः ॥ ४२ ॥

**42. saṇtoṣād-anuttama-sukha-lābhaḥ**

*saṇtoṣā – satisfaction*
*anuttama – incomparable*
*sukha – happiness*
*lābha – to obtain, to attain*

In contentment, an incomparable feeling of happiness arises.

SANTOSHĪ SADĀ SUKHĪ has an Indian proverb:a contented person is always happy. Material possessions are perishable and carry within them the fear of loss. Youth, beauty, position, influence and power – nothing in the world is permanent.

The best guarantee for a happy life is desirelessness and contentment in all circumstances. Be satisfied when you receive something and accept it with gratitude. Keep equanimity when you lose something, knowing that nothing in the world is permanent. Even if you are materially poor, you can still be rich in spirit by being filled with love, kindness, compassion, understanding, helpfulness and forgiveness.

# भाद्रपद मास के पर्व

**देवर्षि कलानाथ शास्त्री**
**(राष्ट्रपति सम्मानित), प्रधान सम्पादक** ''भारती''संस्कृत मासिक
**पीठाचार्य, भाषामीमांसा एवं शास्त्रशोध पीठ** - विश्वगुरुदीप आश्रम शोध संस्थान, जयपुर
**पूर्व अध्यक्ष** - राजस्थान संस्कृत अकादमी
**आधुनिक संस्कृत पीठ** - जगद्‌गुरु रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय
**पूर्व निदेशक** - संस्कृत शिक्षा एवं भाषा विभाग, राजस्थान सरकार
**सदस्य** - संस्कृत आयोग, भारत सरकार

राजस्थान में ही नहीं समूचे देश में विशेषकर उत्तर भारत में वर्षा ऋतु के चार महीने विभिन्न धार्मिक परम्पराओं के केन्द्र बन गये हैं। यही वह समय होता है जब सभी धर्मों के तपस्वी साधु संन्यासी अपनी निरन्तर यात्राओं से विरत होकर एक ही स्थान पर चार मास तक रहते हैं और यहाँ के श्रद्धालुओं को धर्मोपदेश करते हैं। इसे चातुर्मास्य करना या चौमासा करना कहते हैं। इन चार मासों में इसी कारण अनेक धार्मिक रीति रिवाज, आचार परम्परायें और उत्सव समाहित हो गये हैं। इसका एक कारण तो प्राचीन भारत की इस सामाजिक स्थिति में तलाशा जा सकता है कि वर्षा से रास्ते रुक जाने और यात्राओं के प्रचुर और सशक्त साधन उपलब्ध न होने के कारण इन चार मासों में यात्रायें नहीं की जाती थीं। यायावः साधु संन्यासी एक जगह स्थिर हो जाते थे। तीर्थ यात्रायें बन्द हो जाती थीं तथा दूर जा कर गुरुओं से पढ़ने की स्थिति भी नहीं बनती थी।

इसी परम्परा में वेदकाल का वह वर्षाकालीन स्वाध्याय भी आता है, जिसे आज भी श्रावणी या उपाकर्म कहा जाता है। उस समय श्रावणी पूर्णिमा से वेद के पुनरनुशीलन का क्रम चलता था। इसी के साथ भाद्रपद मास में वेदकालीन ऋषि अपने तपोवनों में अपने शिष्यों के साथ अनेक प्रकार की तैयारियाँ करते थे जिनमें वर्ष भर के यज्ञकार्यों के लिए दर्भ तोड़कर लाना भी शामिल था क्योंकि वर्षा काल में कुशों और वनस्पतियों की सहज वृद्धि होती थी। प्रतीक के रूप में आज भी भाद्रपद की अमावस्या को यह कार्य किया जाता है जिसे कुशग्रहणी अमावस्या कहा जाता है। इस प्रकार वैदिक काल से ही चातुर्मास्य शताब्दियों तक यज्ञ और स्वाध्याय की परम्पराओं से जुड़ा रहा। आज भी उस परम्परा में शंकराचार्य आदि संन्यासी धर्मगुरू इन दिनों एक स्थान पर ही निवास करते हैं और धर्मोपदेश करते हैं। ये चौमासा कब शुरू होता है इस बारे में दो परम्परायें हैं। एक पम्परा आषाढ़ शुक्ल द्वादशी से कार्तिक शुक्ल

द्वादशी तक चातुर्मास्य मनाती है। दूसरी परम्परा आषाढ़ मास की संक्रान्ति से (वह कभी भी हो) कार्तिक मास की सूर्य संक्रान्ति तक चातुर्मास्य मनाती है। चार मास का चतुर्मास जैनाचार में और दो मासों का सनातन आयार में प्रचलित है या बताया जा चुका है।

भारत की श्रमण संस्कृति भी बहुत प्राचीन है। इसमें भी वर्ष के चार माहों में साधुओं और मुनियों का एक स्थान पर रह कर धर्मोपदेश करना बहुत प्राचीन परम्परा है। उसी परम्परा से आज भी भाद्रपद मास में जो चातुर्मास्य का मध्य है जैन धर्मावलम्बी पर्युषण पर्व मनाते है। दिगंबर आम्नाय में इसे दशलक्षण पर्व कहा जाता है। ये वर्ष भर के महत्वपूर्ण धार्मिक कृत्य है। दिगम्बर जैनों में इसकी पूर्ति के बाद क्षमापन पर्व भी मनाया जाता है। वर्षाकालीन इन मासों में धर्माचरण पर विशेष बल देने की परम्परा उपर्युक्त चातुर्मास्य की परम्परा का ही अंग प्रतीत होती है। महावीर ने गौतम गणधर को प्रथम धर्मदेशना (उपदेश) श्रावण कृष्ण प्रतिपदा को दी थी। जिस प्रकार वर्षा के बादल जल बरसा कर हल्के और शुभ हो जाते है उसी प्रकार कषायों (कलुष) और विषयों (वासनाओं) का त्याग कर धर्मार्थी इन दिनों निर्मल होने का प्रयत्न करता है।

वैष्णव परम्परा के लिये भी श्रावण और भाद्रपद माहों का धार्मिक महत्व है। आज भी वैष्णव मन्दिरों में सावन के झूले और झाकियाँ तो भक्तिकालीन परम्परा के रूप में चले आ रहे हैं, किन्तु इससे पूर्व भी जब विष्णु की उपासना को व्यापकता दी जाने लगी थी, सनातन धार्मिक वैष्णव आचारों के प्रमुख कृत्य श्रावण और भाद्रपद माह में किये जाते थे। श्रावण से प्रारम्भ होकर ऐसे उत्सव दीपावली के बाद तक चलते थे। चाहे आज इस अवधि को 'देव सोने की' (देवताओं के सोते रहने की) अवधि बता कर मांगलिक कार्यो के मुहूर्त निकालने पर प्रतिबन्ध लगा दिया जाता हो, किन्तु धार्मिक कार्यों का इसमें कोई प्रतिबन्ध नहीं है, बल्कि उनकी विपुलता ही है। गणेश चतुर्थी और जन्माष्टमी के अलावा भाद्रपद शुक्ल पंचमी को ऋषि पंचमी के रूप में इसी माह में मनाया जाता है जिसमें वैदिक ऋषियों का स्मरण किया जाता है।

इसी परम्परा का अभिन्न अंग हैं अनन्तचतुर्दशी जो वैष्णव सम्प्रदाय का महत्वपूर्ण पर्व है। यह पर्व मूलतः इस धारणा के साथ शुरू हुआ होगा कि विष्णु ही महाविभूति (विश्व का पालन करने वाली सर्व व्यापक शक्ति) है, अनन्त है, अन्तर्यामी है और व्यापक है। वे नित्य-विभूति हैं, राम, कृष्ण आदि उन्ही की लीला-विभूति हैं। आचार की मर्यादा को नियंत्रित करने वाले प्राचीन वैष्णव सम्प्रदाय में (जो वासुदेव सम्प्रदाय से अलग था) विष्णु के इस अनन्त रूप को समस्त वैष्णवो के लिये वन्दनीय माना गया। वैष्णवों की यह धारणा है कि इन चार माहों में विष्णु क्षीर सागर में शेषनाग

की शैया पर शयन करते हैं और भाद्रपद शुक्ल द्वादशी को करवट लेते है जिस दिन विष्णु परिवर्तनोत्सव मनाया जाता है। सहस्रशीर्षा विष्णु की तरह सहस्रफण होने के कारण शेषनाग को भी अनन्त कहा जाने लगा था। अनन्त शयन (शेष शायी) भगवान विष्णु इस अवधि में एक जगह ही रहते हैं और आराम करते हुए भी भक्तों को संसार बंधन से मुक्त करते रहते हैं। इसी परम्परा में भाद्रपद शुक्ल चतुर्दशी को अनन्त विष्णु की पूजा करके वैष्णव लोग कच्चे सूत का चौदह गाँठो वाला रँगा हुआ एक डोरा अपने बाजू पर बाँधते हैं जो व्यापक वैष्णव परम्परा के अनुयायी होने का प्रतीक है। यह बंधन संसार के बंधनों से मुक्ति दिलाता है। वैष्णव परम्परा का यह उत्सव वर्षाकालीन चातुर्मास्य का प्रमुख व्रत है।

वैष्णव सम्प्रदायों में भक्तिकालीन धाराओं के आने के साथ जब विष्णु के गोपाल और वृन्दावन बिहारी रूप की माधुर्य-लक्षणा भक्ति प्रचलित हुई तो व्यापक और अनन्त विष्णु की मर्यादापरक पूजा उतनी सुप्रचलित नहीं रही जितनी मध्यकाल में थी, तथापि उसके प्रतीक के रूप में आज भी वैष्णवों में अनन्त का व्रत करने और डोरा बाँधने की यह परम्परा चली आ रही है।

जैसा पहले बताया जा चुका है जैन आम्नायों में भाद्रपद मास के इन पर्वो का सर्वाधिक महत्व है। जैन धर्म में शारीरिक वृत्तियों का अधिकाधिक संयम, आचार का कट्टर अनुशासन और सांसारिक बंधनों से पूर्ण विरक्ति आदि को प्रमुखता दी गयी है। इसी का अंग है उपवास (काषाय, विषय और आहार का त्याग) जिसका सिद्धान्त है शरीर का मोह त्याग कर उसकी वृत्तियों को नियंत्रित करना। उपवास तथा अन्न जल के त्याग की यह धारणा जैन आचार का महत्वपूर्ण अंग है। अन्न जल त्यागी साधुओं और श्रावकों को सर्वाधिक श्रद्धा का पात्र इसी दृष्टि से माना जाता है। कुछ विद्वानों का तो यह मानना है कि उपवास की अवधारणा जो सनातनी परम्पराओं में भी व्याप्त हो गयी है, श्रमण संस्कृति का प्रभाव है अन्यथा वैदिक संस्कृति में व्रत तो था, उपवास नहीं। जो भी हो, उपवास से सम्बन्धित आचारों का प्रमुख केन्द्र भाद्रपद मास ही जैन धर्म के दोनों आम्नायों (श्वेताम्बर और दिगम्बर) में माना जाता है। इसी मास में अधिक से अधिक आत्मसंयम कर तथा उपवास रख धार्मिक आचारों का पालन और उपदेशों का श्रवण जैन धर्मावलम्बियों के प्रमुख धार्मिक कृत्य है। दिगम्बर आम्नाय में इसे दशलक्षण पर्व कह कर भाद्रपद शुक्ल पंचमी से चतुर्दशी तक मनाया जाता है। इन दस दिनों में धर्म के दस प्रकारों या तत्वों का अर्थात् अध्यात्मोन्मुख क्षमा अर्थात् सहनशीलता, उत्तम मार्दव अर्थात् अनुशासन, तप, त्याग, आकिंचन्य अर्थात् अपरिग्रह और ब्रह्मचर्य अर्थात् अध्ययन का मनन पालन और उपदेश श्रवण किया जाता है। इसके अनन्तर आश्विन कृष्ण द्वितीया को क्षमापन पर्व मनाया जाता है जब समाज के प्रत्येक व्यक्ति से मतभेद भुला कर किसी प्रतिकूल वचन या कार्य के लिये सबसे क्षमा माँगी जाती है।

श्वेताम्बर आम्नाय में इन उपवासों और आचारों को पर्यूषण कहा जाता है जिस का शब्दार्थ है उपासना। वे भाद्रपद कृष्ण एकादशी से शुक्ल चतुर्थी तक ये पर्व मनाते हैं। जिसमें अर्हन्तों, सिद्धों, आचार्यों, उपाध्यायों और सर्व साधुओं का पूजन, नमन तथा सम्यक् दर्शन, सम्यक् ज्ञान और सम्यक् चारित्र्य के सिद्धान्तों का चिन्तन व पालन किया जाता है। इसके अनन्तर शुक्ल पंचमी को (जिसे सनातनी ऋषि पंचमी के रूप में मनाते हैं) संवत्सरी के रूप में मनाया जाता है। जो पर्यूषण पर्व की सम्पन्नता (सफल समाप्ति) का प्रतीक है। एक तरह से इस दिन श्रावक का आध्यात्मिक पुनर्जन्म या नया वर्ष शुरू हो जाता है। इस प्रकार जैनों के दोनों आम्नायों में भाद्रपद मास के इन धार्मिक पर्वों को वर्ष का सर्वाधिक महत्वपूर्ण आचार पर्व माना गया है।

राजस्थान में जैन धर्म का विपुल प्रचार होने के कारण इन पर्वों की गूंज भाद्रपद मास के दूसरे पखवाड़े में बराबर सुनाई देती है। इसी प्रकार ब्रज की कृष्ण भक्ति परम्परा का पूरा प्रभाव होने के कारण श्रावण मास की झाकियों और भाद्रपद मास के व्रतों की परम्परा भी यहाँ वर्षों से चली आ रही है। यद्यपि वैदिक संस्कृति के स्वाध्यायों की परम्परा विलुप्त-सी हो गई प्रतीत होती है किन्तु वैष्णव सम्प्रदाय की अनन्त चतुर्दशी आज भी इस बात का प्रतीक है कि ब्रह्मा, विष्णु और महेश की त्रिमूर्ति के समन्वय को सनातन भारतीय परम्परा का परिचायक मानने वाला धार्मिक सनातनी वैष्णव शेषशायी पृथ्वीपालक विष्णु को आज भी अपनी चेतना में अविभाज्य रूप से व्याप्त मानता हुआ उस अन्तर्यामी अनन्त की पूजा करता है जो ब्रह्माण्ड के विराट् स्वरूप का प्रतीक है।

# श्री मधुसूदन ओझा समीक्षा चक्रवर्ती

**डॉ. सुरेन्द्र कुमार शर्मा**
समन्वयक
वैदिक हैरिटेज एवं पाण्डुलिपि शोध संस्थान
राजस्थान संस्कृत अकादमी, जयपुर

जयपुर राजसभा प्रधान, समीक्षा चक्रवर्ती, महामहोपदेशक, स्वर्गीय पण्डित प्रवर विद्यावाचस्पति श्री मधुसूदन ओझा जयपुर के संस्कृत साहित्याकाश में देदीप्यमान सूर्य हैं। वस्तुविज्ञान इस शताब्दी के वैज्ञानिकों का विशेषतः विवेच्य रहा है और इसी वस्तुविज्ञान का विवेचन वैदिक ग्रन्थों के उद्धरणों से प्रस्तुत करने का श्रेय श्री ओझाजी को रहा है। प्रवर्तमान इस शताब्दी के वैज्ञानिकों को स्वप्न में भी नहीं था कि आधुनिक वस्तुविज्ञान की बहुत-सी उलझनें वैदिक साहित्य के माध्यम से भी सुलझ सकती हैं। श्री ओझा ने अपना पूर्ण जीवन वैदिक विज्ञान एवं वैदिक इतिहास के अन्वेषण में लगा दिया था।

श्री ओझा का जन्म मिथिला देश के मुजफ्फरपुर जिले में 'गाढ़ा' नामक ग्राम में भाद्रपद कृष्णाष्टमी (जन्माष्टमी) संवत् 1923 को हुआ था। यह ग्राम रेलवे स्टेशन सीतामढ़ी से दक्षिण की ओर करीब 10 मील की दूरी पर विद्यमान है। आपके पिता का नाम पं. श्री वैद्यनाथ ओझा था। आपके पितामह पं. देवनाथ ओझा मझोलिया राज्य के प्रधान पण्डित थे। आपका कुल एक विद्वत्कुल रहा है। आपके कुटुम्ब में सन्निहित पितृव्य पं. श्री तुलसीदत्त ओझा भी एक प्रकाण्ड पण्डित थे, जो काशी में रहते थे। व्याकरण में नवीन युग के निर्माता दाक्षिणात्य विद्वान् श्री काशीनाथ शास्त्री भी श्री तुलसीदासजी को ही विशिष्ट विद्वान् मानते थे। आप मन्त्रशास्त्री भी थे। आपने 'शारदा तिलक' पर एक टिप्पणी भी लिखी थी। आपके पितृव्य श्री राजीवलोचन ओझा जयपुर राज्य में सम्मान प्राप्त कर चुके थे।

श्री राजीवलोचन ओझा के कोई पुत्र न था, अतः उन्होंने श्री मधुसूदन ओझा को अपना पुत्र स्वीकार किया और आपका 9 वर्ष की अवस्था में संवत् 1932 में जयपुर आगमन हुआ। उस समय तक आपने कोष आदि की साधारण शिक्षा प्राप्त की थी। जयपुर आकर पहले आप भाषा ज्ञान के उद्देश्य से प्राइवेट अंग्रेजी व फारसी का अध्ययन करते रहे। इन भाषाओं के साधारण ज्ञान के पश्चात् आपने नियमित रूप से संस्कृत पढ़ना प्रारम्भ किया। आपको बहुत ही विद्वान् व्यक्तियों से पढ़ने का सौभाग्य मिला। मिथिला के सुप्रसिद्ध एवं लब्धप्रतिष्ठ विद्वान् पं. विश्वनाथ झा जो सभी शास्त्रों के ज्ञाता होने के साथ ही मन्त्रशास्त्र में भी अप्रतिहत शक्ति रखते थे, आपको व्याकरण पढ़ाते थे। आपने महाराज संस्कृत

कॉलेज, जयपुर में प्रवेश प्राप्त किया और तत्कालीन अध्यक्ष काशी के सुप्रसिद्ध भाष्यब्रह्मचारी श्री विभवरामजी के सुयोग्य पुत्र श्री रामभजजी सारस्वत से सिद्धान्तकौमुदी का अध्ययन किया। आप जन्मतः प्रौढ़ तथा अध्ययनशील होने के साथ-साथ प्रतिभाशाली भी थे। 14-15 वर्ष की अवस्था में जब आप सिद्धान्तकौमुदी पढ़ रहे थे उसी समय आपके पितृव्य पं. श्री राजीवलोचन ओझा का स्वर्गवास हो गया। इस दुर्घटना से आपका जीवन परिवर्तित हो गया। आपको अपनी पितृव्यपत्नी के साथ संवत् 1939 में अपनी जन्मभूमि मिथिला लौटना पड़ा। आपने अपना शेष अध्ययन काशी में प्रारम्भ किया। आपकी विचित्र प्रतिभा और मिश्रसदृश अलौकिक विद्वान् गुरु का योग 'रत्नं समागच्छतु कांचनेन' का निर्देशन उपस्थित करने में सहायक हुआ। श्री शास्त्रीजी सदृश विद्या कल्तरु का आश्रय प्राप्त कर आपकी प्रतिभा वल्लरी असाधारण रूप से विस्तृत एवं विकसित होने लगी। आपका असाधारण अध्यायनोत्साह एवं चमत्कृत बुद्धिवैभव देखकर श्री शास्त्रीजी ने आपको अपना पट्टशिष्य बना लिया। आपने उनके सान्निध्य में रहकर मनोयोगपूर्वक शास्त्राध्ययन किया। इस प्रकार व्याकरण, न्याय, साहित्य, मीमांसा, वेदान्त आदि मुख्य मुख्य सभी ग्रन्थों को न केवल गुरुमुख से अध्ययन ही किया, उन पर पूर्ण रूप से अधिकार भी प्राप्त कर लिया। काशी में रहते हुए ही आपके शास्त्रार्थ व विषय निरूपण शैली आदि की अच्छी प्रसिद्धि हो गई थी। सुप्रसिद्ध विद्वान् भी आपको सम्मान की दृष्टि से देखते थे। एक बार मिथिला के सुप्रसिद्ध विद्वान् श्री बच्चा झा के साथ आपका 'खण्डखण्डखाद्य' पर विचार-विमर्श हुआ था और आपकी विजय हुई थी। उन दिनों आर्यसमाज अपना प्रभाव चारों ओर फैला रहा था। आर्यसमाज के प्रचारक व्याख्यानों द्वारा सनातन धर्म के सिद्धान्तों का खण्डन करने में संलग्न थे। विक्रम संवत् 1945 की बात है आपके गुरु पं. श्री शिवकुमार मिश्र एक सभा से लौटकर आये और उन्होंने शास्त्रीजी को आदेश दिया मैं आज बहुत खिन्न हूँ। तुम सत्य वैदिक सिद्धान्तों को प्रकाश में लाने का कार्य करो। तुममें इस काम की शक्ति है। हम आशीर्वाद देते हैं कि तुम्हें वैदिक अर्थों का यथार्थ प्रतिभान होगा। आपने भी उन्हीं के समक्ष वैदिक विवेचन में जीवन लगाने की प्रतिज्ञा की।

आप पं. राजीवलोचन झा के उत्तराधिकारी थे, अतः जीविका सम्बन्ध होने के कारण जयपुर आना पड़ता था। अध्ययन समाप्त कर जब आप एक बार जयपुर आये तो सुप्रसिद्ध बंगाली विद्वान् पं. हरिदास बाबू ने, जो तत्कालीन शिक्षा विभागाध्यक्ष थे, आपको महाराजा कॉलेज में संस्कृत का प्रोफेसर नियुक्त करना चाहा, किन्तु आपकी ज्ञान पिपासा अभी शान्त नहीं हुई थी और इसीलिए आपने उक्त पद को स्वीकार करने में आनाकानी की। आप चुपचाप भ्रमण करने चल दिये। सर्वप्रथम बूँदी पहुँचे, जो उस समय छोटी काशी के नाम से विख्यात थी। वहाँ आप विद्यावाचस्पति पं. गंगासहायजी से मिले, जो तत्कालीन अमात्य थे। वहाँ एक तैलंग भट्ट नैयायिक से आपका शास्त्रार्थ भी हुआ। वहाँ से पूर्ण सम्मानित होकर आप कोटा, झालरापाटन, नीमच, रतलाम आदि अनेक स्थानों पर गये। रतलाम

में प्रवास कर रहे जगद्गुरु शंकराचार्य द्वारिकापीठाधीश्वर श्री माधवतीर्थजी महाराज को 'पर्यटन मीमांसा' नामक ग्रन्थ लेखन में आपने पर्याप्त सहायता की। यह ग्रन्थ विलायत यात्रा की व्यवस्था के सम्बन्ध में लिखा जा रहा था। जयपुर राज्य के विशेष अनुरोध पर आप 1946 विक्रम संवत् में पुनः जयपुर आये। जयपुर पहुँचते ही आप महाराज कालेज में संस्कृत प्रोफेसर नियुक्त हुए। श्री हरिदास शास्त्री ने आपकी विद्वत्ता से प्रभावित होकर आपको एक महत्त्वपूर्ण कार्य सौंपा। वह था, सिंहली लिपि के लिखित जानकीहरण नाटक (कवि कुमारदास) को संस्कृत में अनूदित कर सम्पादित करना, जो सिंहली भाषा की ही टीका से युक्त था। इसके आधार पर आपने मूल ग्रन्थ का सम्पादन किया। इस कार्य में बहुत अधिक परिश्रम किया गया। परिणामस्वरूप आप अस्वस्थ हो गये। यह टीका केवल 15 सर्ग की ही थी और टीका के आधार पर 15 सर्गात्मक मूल ग्रन्थ का सम्पादन किया गया था। यही आपका प्रथम कार्य था। दुर्भाग्यवश इसके प्रकाशन से पूर्व ही श्री हरिदास बाबू का देहावसान हो गया और अन्त में श्री कालीपद वंद्योपाध्याय ने सन् 1983 ई. में इसे कलकत्ते से प्रकाशित करवाया।' श्री कालीपदजी के समय महाराजा कॉलेज में एम.ए. की कक्षाएँ खोली गई और आपको उसका अध्यक्ष नियुक्त किया गया। उसके पश्चात् कुछ दिन आप संस्कृत कॉलेज में स्थानान्तरित किए गए और वहाँ वेदान्त आदि पढ़ाते रहे, परन्तु फिर आप महाराजा कॉलेज में ही ले लिए गए।

आप अध्ययनव्यनी तथा वैदुष्य सम्पन्न बृहस्पति के अवतार रूप माने जाते थे। आपकी विषय प्रतिपादन शैली इतनी उत्तम तथा प्रभावयुक्त थी, जो सर्वसामान्य विद्वानों में भी परिलक्षित नहीं होती। आपके गुरु श्री शिवकुमार शास्त्री ने सम्बन्ध में कहा था, "मधुसूदन तो दर्शनों में इतना प्रौढ़ हो गया है कि वह कितनी जल्दी क्या-क्या गूढ़ बातें कह जाता है, इसका अनुसंधान रखना हमें भी कठिन पड़ता है।" विद्या के इतने अगाध समुद्र होने पर भी आप निरभिमानी तथा सौजन्यपूर्ण विद्वान् थे। महाराज माधवसिंह पर आपकी विद्वत्ता की छाप तब पड़ी जबकि तत्कालीन राजज्योतिषी श्री केवलराम श्रीमाली द्वारा निर्णीत वृन्दावन में बनाये गये मन्दिर की प्रतिष्ठा के मुहूर्त पर आपने तत्कालीन ज्योतिष प्राध्यापक श्री भैया झा का समर्थन किया था तथा उसमें 40 दोष निकाले थे। इसके बाद आप अनेक बार महाराज के साथ वृन्दावन भी गये, जहाँ आपने वैष्णव सम्प्रदायाचार्यों से अनेक विषयों पर शास्त्रार्थ किया था। संवत् 1951 में आप महाराज के प्रधान राजपण्डित बनाये गये। महाराज ने आपको अपना निजी संग्रहालय 'पोथीखाना' सौंप दिया और आप इसके अधीक्षक के रूप में कार्य करने लगे। संवत् 1958 में सम्राट् एडवर्ड सप्तम के राज्याभिषेक के समय आप महाराज के साथ विलायत भी गये। यद्यपि विदेश यात्रा (समुद्र यात्रा) करना तत्कालजीन सामाजिक नियमों की परिधि से बहिर्भूत था, तथापि आपने 'प्रत्यन्त प्रस्थान मीमांसा' नामक ग्रन्थ द्वारा इस यात्रा को करणीय सिद्ध कर दिया। इंग्लैण्ड में ऑक्सफोर्ड तथा केम्ब्रिज विश्वविद्यालय के संस्कृत विद्वान् आपकी विद्वत्ता से बहुत ही अधिक प्रभावित हुए। आप अंग्रेजी भाषा विज्ञ नहीं थे, अतः श्री सत्येन्द्रनाथ मुखर्जी आपको उसका अर्थ समझाकर प्रत्युत्तर दिया करते

थे। ऑक्सफोर्ड के विद्वान् श्री मेक्डोनाल्ड, केम्ब्रिज के विद्वान् श्री बैंडाल तथा इण्डिया ऑफिस लाइब्रेरी के अध्यक्ष श्री टोनी व टामस आप से बहुत ही अधिक प्रभावित थे। श्री टामस एक रसिक विद्वान् थे और पद्य रचना में भी बहुत ही पटु थे। एक दिन वार्तालाप के प्रसंग में यह प्रश्न किया था कि मधुसूदन यहाँ आए, परन्तु लक्ष्मी को कहाँ छोड़ आये? श्री ओझाजी ने तुरन्त ही पद्यमय उत्तर दिया था-

**मधुसूदनस्य दृष्ट्वा सरस्वतीलालने विशेषरुचिम्।**
**रोषात् क्वचिदपसृतां लक्ष्मीमनुनेतुमत्र सोऽभ्यगात् ।।**

(मधुसूदन की सरस्वती में विशेष आसक्ति देखकर लक्ष्मी रूठ कर चल दी, उसे ढूँढ़ने तथा मनाने के लिए ही मधुसूदन यहाँ आये हैं।)

आपने इण्डिया आफिस में वेद तथा धर्म के सम्बन्ध में एक वक्तृता दी थी। यह वक्तृता 'संस्कृत रत्नाकर' के प्राचीन अंकों में प्रकाशित भी हुई थी। यह शास्त्रों का रहस्य प्रकट करने वाली वक्तृता अत्यन्त ही अद्भुत थी। वहाँ के समाचार पत्रों में आपके सम्बन्ध में बहुत कुछ लिखा गया था, जिसका हिन्दी अनुवाद यहाँ प्रस्तुत किया जा रहा है-

लन्दन में राज्याभिषेक के अवसर पर जितने विशिष्ट व्यक्ति उपस्थित हुए हैं, उनमें एक अद्भुत हिन्दू विद्वान् की उपस्थिति भी स्मरण योग्य है, जो कि भारत को उज्ज्वल करने वाला एक देदीप्यमान प्रकाश है और जो मनुष्य रूप में वैदिक विज्ञान और दर्शनों की एक निधि है। यह व्यक्ति है 'श्री मधुसूदन ओझा', जो कि संस्कृत विद्या के एक अद्वितीय विद्वान् हैं। कैम्ब्रिज में अब तक जितने पूर्व देश के आए हैं, उनमें (सबमें) उक्त पण्डितजी का धाराप्रवाह संस्कृत में बातचीत करना यहाँ के प्राच्यविद्या विभाग के विद्वानों के लिए अधिक मनोरंजक हुआ है।'

पण्डित मधुसूदन ओझा ऑक्सफोर्ड के प्रोफेसर मेक्डोनाल्ड से मिले, जो कि पण्डितजी का परिचय प्राप्त कर अत्यन्त आनन्दित हुए हैं। कैम्ब्रिज के प्रोफेसर सी. बैंडाल ने पण्डितजी को निमन्त्रित किया और अपनी पत्नी सहित बैंडाल साहब ने उनका प्रेमपूर्ण स्वागत किया। पण्डितजी का धाराप्रवाह भाषण कैम्ब्रिज के प्राच्य विद्या विभाग के विद्वानों के लिए अत्यन्त मनोरंजक था, जैसा कि आजकल भारतवर्ष में बहुत कम मिलता है। इनके गम्भीर पाण्डित का यहाँ के विद्वानों पर गहरा प्रभाव पड़ा है।

वहाँ के विद्वानों ने ओझाजी से जर्मनी में जाकर व्याख्यान देने का बहुत अनुरोध किया किन्तु जयपुर महाराज आपको पृथक् करना नहीं चाहते थे, अतः आप न जा सके।

आपने सम्राट् एडवर्ड सप्तम के राज्याभिषेक के समय कुछ पद्य सम्राट् को भेंट किए थे जिनका अंग्रेजी अनुवाद

श्री सत्येन्द्रनाथ मुखर्जी ने किया था। वे पद्य संस्कृत रत्नाकर के विशेषांक वेदांक में पृ. 234-35 पर प्रकाशित हो चुके हैं। एक पद्य यहाँ प्रस्तुत किया जा रहा है-

**प्राज्यं राज्यं यदेतद् ब्रिटिशपदमिहाराध्यते विश्वनाथः**

**सौरे वारेऽथ, नेह ब्रजति च भगवानस्तमर्कः कदाचित्।**

**सूर्यं संस्थाप्य मध्ये क्षितितलमखिलं तद्वशेऽत्राभिनीतं**

**भ्रान्तेः कृच्छादनन्तादपि ननु तपनो मोचितः सर्वथैव ।।** (इत्यादि)

इनके उत्तर में सम्म्राट् की ओर से धन्यवाद सहित आपको कोरोनेशनल मेडल प्रदान किया गया था। सन् 1906 में काशी कांग्रेस और प्रयाग कुम्भ के अवसर पर, जो श्री भारत धर्म महामण्डल के महाधिवेशन हुए थे, उनमें जयपुर के राज प्रतिनिधि के रूप में आप सम्मिलित हुए और आपने प्रयाग में 'देवता और पितृ' विषय पर एक महत्त्वपूर्ण भाषण दिया था। श्री भारत धर्म महामण्डल ने आपको **विद्यावाचस्पति** और **महामहोपदेशक** दो पदवियाँ प्रदान की थीं। विक्रम संवत् 1962 में आपकी धर्मपत्नी का स्वर्गवास हो गया। उस समय आपकी आयु 40 वर्ष से भी कम थी, किन्तु आपने दूसरा विवाह नहीं किया। शास्त्र विचार में ही पूर्ण रूप से शेष समय बिताना निश्चित किया।

आत्मविज्ञान, परलोकविज्ञान आदि के कारण तो वेद का महत्त्व सभी विद्वान् मानते हैं, किन्तु आपकी सम्मति में वेद का वस्तुविज्ञान भी एक अत्युच्च कोटि पर पहुँचा हुआ है, जिनके सामने इस बीसवीं शताब्दी का बढ़ा हुआ विज्ञान भी एक कला मात्र है। प्राणविज्ञान वैदिक वस्तुविज्ञान का मुख्य आधार है, देव विज्ञान, पितृत्विज्ञान आदि उसकी शाखाएँ हैं और यज्ञ विज्ञान फलस्वरूप है। आरम्भ में यास्क कृत निरुक्त व शौनकोक्त बृहद्देवता आदि के आलोचन से आपका यह विश्वास अंकुरित हुआ और धीरे-धीरे ब्राह्मण ग्रन्थों के आलोचन से परिपुष्ट होता गया।

वैदिक विज्ञान रूपी प्रासाद का द्वारोद्घाटन कर आपने उसमें केवल प्रवेश ही नहीं किया, अपितु वहाँ अपना पूर्ण अधिकार भी जमाया और दूसरों को भी प्रविष्ट होने की सुविधा प्रदान करने में सफल हुए। आपके पास रह कर अनेक विख्यात विद्वानों ने इस सम्बन्ध में ज्ञानार्जन किया, जिनमें (1) राजगुरु पं. श्री चन्द्रदत्तजी ओझा, (2) पं. श्री सूर्यनारायण जी आचार्य, (3) श्री कन्हैयालालजी न्यायाचार्य, (4) पं. श्री मदनलालजी व्याकरणाचार्य, (5) श्री मथुरानाथजी भट्ट, (6) पं. जयचन्द्रजी झा, (7) मोतीलालजी शास्त्री, (8) स्वामी श्री सुरजनदासजी, (9) श्री केदारनाथजी ज्योतिर्विद्, (10) पं. श्री वृद्धिचन्द्रजी शास्त्री, (11) श्री नवलकिशोरजी कांकर के अतिरिक्त म.म. श्री गिरिधर शर्मा चतुर्वेदी का नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय है, जिन्होंने 40 वर्ष तक आपके चरणों में बैठकर वैदिक

विज्ञान के रहस्यों का अध्ययन किया था।

आपका दृढ़ विश्वास था कि ब्राह्मण ग्रन्थों, पुराणों और वेदांगों का आधार लिये बिना वैदिक विज्ञान में गति नहीं हो सकती। मन्त्र तो केवल संकेत मात्र हैं। ब्राह्मणों से ही उनका स्पष्टीकरण होता है। **'इतिहासपुराणाभ्यां वेदं समुपबृंहयेत्'** सिद्धान्त पर भी आपका दृढ़ विश्वास था।

आपकी एक प्रकृति थी कि आप बहुत से ग्रन्थों का लिखना साथ-साथ प्रारम्भ किया करते थे। यही कारण था कि आपके अनेक ग्रन्थ अपूर्ण हैं। इस सम्बन्ध में आपसे जब निवेदन किया गया था तो आपने उत्तर दिया था कि एक विज्ञान दूसरे विज्ञान की अपेक्षा रखता है। एक विषय का प्रतिपादन करते-करते उससे सम्बन्ध रखने वाले दूसरे विषय की आवश्यकता प्रतीत हो जाती है और इसीलिए उसका विवेचन करना आवश्यक हो जाता है। आपने वेद और वेदांगों पर समीक्षा नाम से अनेक ग्रन्थों का लेखन प्रारम्भ किया था, क्योंकि उपलब्ध ग्रन्थ वैदिक विज्ञान की शैली से बहुत दूर चले गये थे।

विक्रम संवत् 1993 में अखिल भारतीय संस्कृत साहित्य सम्मेलन की ओर से जयपुर के गण्यमान्य सरदारों व विद्वानों और सेठ-साहूकारों की स्वागत समिति के तत्त्वावधान में आपके 70वें वर्ष के उपलक्ष्य में आचार्य प्रवर गोस्वामी श्री गोकुलनाथ जी महाराज शुद्धाद्वैत सम्प्रदायाचार्य बम्बई के सभापतित्व में रामनिवास बाग के अल्बर्ट हॉल में हीरक जयन्ती मनाई गई थी। इस अवसर पर संस्कृत रत्नाकर का एक विशेषांक वेदांक और अभिनन्दन पत्र आपको समर्पित किया गया था। वास्तव में आप इस सम्मान के योग्य थे।

विक्रम संवत् 1996 भाद्रपद शुक्ला 15 को केवल दो-तीन दिन ही अस्वस्थ रह कर श्री ओझाजी का अचानक स्वर्गवास हो गया। स्थानीय सिविल सर्जन का कथन था कि यह दिमागी उत्कट परिश्रम के हृदय पर आघात होने के कारण हुआ था। आपके एकमात्र पुत्र श्री प्रद्युम्न झा उन दिनों अलवर नरेश के पास थे। आपने अपने अन्तिम समय में स्वरचित ग्रन्थों के प्रकाशित करने की एकमात्र इच्छा अपने पुत्र से प्रकट की थी। श्री प्रद्युम्न झा ने कुछ ही ग्रन्थों का प्रकाशन करवाया और उनके दिवंगत होने के पश्चात् अब उनकी अप्रकाशित रचनाएँ अस्त-व्यस्त हो गई हैं। जिस दिन आपका स्वर्गारोहण हुआ था अनेक पत्रों में 'वैदिक विज्ञान का सूर्य अस्त' शीर्षक से समाचार प्रकाशित हुए थे।

विद्यावाचस्पति श्री ओझाजी के सम्पूर्ण ग्रन्थ दो महाखण्डों में विभक्त हैं- (1) निगम तथा (2) आगम। निगम के अन्तर्गत चार महाग्रन्थ हैं- (1) ब्रह्मविज्ञान, (2) यज्ञविज्ञान, (3) पुराण समीक्षा और वेदांग समीक्षा। इनके अन्तर्गत क्रमशः सात, चार, तीन और चार कुल अट्ठारह महाग्रन्थ हैं। इन महाग्रन्थों के अन्तर्गत क्रमशः चालीस, बीस, अट्ठारह और तीस इस प्रकार कुल 108 ग्रन्थ हैं। आगम खण्ड के अन्तर्गत आगम रहस्य शीर्षक के अन्तर्गत 6 महाग्रन्थ हैं,

जिसके अन्तर्गत 120 अवान्तर ग्रन्थ हैं। आगम और निगम दोनों महाखण्डों के अवान्तर ग्रन्थों सहित कुल ग्रन्थों की संख्या 288 है। इनका उल्लेख इस प्रकार किया जा सकता है-

## निगम महाखण्ड

**1. ब्रह्मविज्ञान - 7 महाग्रन्थ- अवान्तर 40 ग्रन्थ**

**(क) दिव्यविभूतिः** (महाग्रन्थ) विज्ञानेतिवृत्तपंजिका (5)

(1) जगद्गुरुवैभवम् (ब्रह्मरहस्यम् भौमब्रह्मोपाख्यानम्)

(2) महर्षिकुलवैभवम् (ऋषिरहस्यम् भौमार्षेयोपाख्यानम्)

(3) स्वर्गसन्देशः (देवरहस्यम् भौमदेवोपाख्यानम्)

(4) इन्द्रविजयः (भारतवर्षीयार्योपाख्यानम्)

(5) दशवादरहस्यम् (दैवयुगीय दशविज्ञानोपपादनम्)

**(ख) उक्थवैराजिकम्** (महाग्रन्थ) - दैवयुगीय विज्ञानदशिका (10)

(1) सदसद्वादः (2) रजोवादः (3) व्योमवादः

(4) अपरवादः (5) आवरणवादः (6) अम्भोवादः

(7) अमृतमृत्युवादः (8) अहोरात्रवादः (9) दैववादः

(10) संशयतदुच्छेदवादः

**(ग) आर्यहृदयसर्वस्वम्** (महाग्रन्थ) - हृदयपंचिका (5)

(1) ब्रह्महृदयम् (आर्षेयी वेदसंहिता 18 विधा)

(2) ब्राह्मणहृदयम् (ब्राह्मणोक्तविज्ञानसमुच्च्य)

(3) उपनिषद्हृदयम् (उपनिषत् परिष्कारः) (गीताविज्ञान भाष्य)

(4) गीताहृदयम् (भगवद्गीतोपनिषद् विज्ञानभाष्यम्) (दो भागों में)

(5) ब्रह्मसूत्रहृदयम् (शारीरक विज्ञानम्) (दो भागों में)

**(घ) निगमबोधशिक्षा** (महाग्रन्थ) - शिक्षापंजिका (5)

(1) निगद्वती (2) गाथावती (3) आख्यानवती

(4) निरुक्तिमती (5) पथ्यास्वस्तिर्वेदमातृका

**(ङ) विज्ञानप्रवेशिका** (महाग्रन्थ) - उपदेशपंचिका (5)

(1) ब्रह्मद्रवी (2) ब्रह्मधारा

(3) विज्ञानविद्युत् (4) विज्ञानपरिष्कारः

(5) दर्शनपरिष्कारः

**(च) विज्ञानमधुसूदनः** (महाग्रन्थ) - विज्ञानपंचिका (5)

(1) ब्रह्मविनयः (2) ब्रह्मसमन्वयः (3) ब्रह्मप्राजापत्यम्

(4) ब्रह्मोपपत्तिः (5) ब्रह्मचतुष्पदी

**(छ) साइंसप्रदीपः** (महाग्रन्थ) पाश्चात्यविज्ञानपंचिका (5)

(1) भौतिक साइंस प्रदीपिका, अग्निविद्युत ईथर विज्ञान

(2) यौगिक साइंस प्रदीपिका, मौलिक पदार्थ विद्या, फिजिक्स

(3) शारीरिक साइंस, रासायनिक पदार्थ विद्या कैमिस्ट्री

(4) दृग्विज्ञान-प्रदीपिका (5) वस्तुसमीक्षा

**2. यज्ञविज्ञान - 4 महाग्रन्थ - अवान्तर 20 ग्रन्थ**

**(क) निवित् कलापः** (महाग्रन्थ) - निवित् पंचिका (5)

(1) वैश्वरूप-निवित् (2) ऋषि-निवित् (3) देवता-निवित्

(4) आत्म-निवित् (5) यज्ञ-निवित्

**(ख) यज्ञमधुसूदनः** (महाग्रन्थ) - यज्ञानुबन्धपंचिकादि (8)

(1) यज्ञविहाराध्याय (2) स्मार्त्तकुण्ड समीक्षाध्याय

(3) यज्ञोपकरणाध्याय (4) मन्त्रप्रचरणध्याय

(5) आत्माध्याय (6) देवताध्याय

(7) यज्ञविटपाध्याय
(8) कर्मानुक्रमणिकाध्याय (छन्दोऽभ्यस्ताध्याय)

**(ग) यज्ञविनय-पद्धतिः** (महाग्रन्थ) - उपदेशिकद्वयी (2)

(1) यज्ञकौमुदी (सोमाध्याय-यजुः संहिता दशाध्यायी-मधुवृत्तिः)

(2) चयनाध्याय (यजुः संहिता अष्टाऽध्यायी चयनविद्या)

**(घ) प्रयोगपारिजातः** (महाग्रन्थ) - प्रकृति पंचिका (5)

(1) आधान-प्रक्रिया
(2) प्राक् सौमिक प्रक्रिया
(3) एकाह-प्रक्रिया
(4) अहीन-प्रक्रिया
(5) सत्त्रप्रक्रिया

**3. पुराण समीक्षा-3 महाग्रन्थ - अवान्तर 18 ग्रन्थ**

**(क) विश्वविकासः** (महाग्रन्थ) - पूर्वषड्लक्षणी (6)

(1) मन्वन्तर-निर्धारः (कालविभाग)
(2) विश्वसृष्टि सन्दर्भः (सृष्टिप्रसंग)
(3) आर्य भुवनकोश (भूगोलविद्या)
(4) ज्योतिश्चक्रसंस्थानम् (विज्ञान-खगोलविद्या)
(5) वैज्ञानिकोपाख्यान (विज्ञान)
(6) वंशमातृका (सूर्यचन्द्रादि राजवंशानुक्रमणिका)

**(ख) देवयुगाभासः** (महाग्रन्थ) - मध्यमषड्लक्षणी (6)

(1) देवासुरख्याति (देवारु द्वादश युद्ध प्रसंग)

(2) यादवख्याति (यदुवंशीय कृष्णशाखा राजचरित)

(3) राघवख्याति (सूर्यवंशीय महाराजचरित)

(4) हैहयख्याति (यदुवंशीय हैहयशाखा राजचरित)

(5) पौरवख्याति (पुरुवंशीय राजचरित)

(6) अक्रमख्याति (विप्रकीर्ण-राजादि-चरित-संचय)

**(ग) प्रसंगचर्चितकम्** (महाग्रन्थ) - उत्तरषड्लक्षणी (6)

(1) कथानकसमुच्चय (ख्यातिका संग्रह)

(2) दैवतमीमांसा (भावस्फोट)

(3) वेदपुराणादि-शास्त्रावतारः (शास्त्रनिर्माणतिहास)

(4) कल्पशुद्धिप्रसंगः (धर्मपरिष्कार)

(5) परीक्षाप्रसंगः (शिल्पकला-प्रचार)

(6) पुराणपरिशिष्ट (संकीर्ण नामाविषयाख्यानम्)

**4. वेदांगसमीक्षा- 4 महाग्रन्थ - अवान्तर 30 ग्रन्थ**

**(क) वाक् पदिका** (महाग्रन्थ) - वर्णाक्षरपदवाक्यभाषानिरुक्ति पंचिका (5)

(1) वर्णसमीक्षा (पथ्या स्वस्ति) (2) छन्दः समीक्षा (3) वैदिक कोश

(4) वैदिकशब्दतालिका (5) व्याकरणविनोद

**(ख) ज्योतिश्चक्रधर** (महाग्रन्थ) - ताराग्रहगोलहोरागोचर निरुक्ति पंचिका (5)

(1) ताराविज्ञान (2) गोलविज्ञान (3) होराविज्ञान

(4) कादम्बिनी-सौदामिनीव्याख्यासहित (वृष्टि-विद्या) (5) लक्षणविज्ञान

**(ग) आत्मसंस्कारकल्पः** (महाग्रन्थ) स्मार्त्तसामयाचारिकधर्मप्रयोगनिरुक्ति दशिका (10)

(1) शुद्धिविज्ञान पंचिका (आशौच पंचिका) (2) धर्मविज्ञान पंचिका

(3) व्रतपंचिका (4) व्यवहार व्यवस्थापिका

(5) श्राद्ध परिष्कारः

**विशेष** - इस आत्मसंस्कारकल्प के उपर्युक्त प्रथम चार ग्रन्थों में पाँच पाँच अवान्तर ग्रन्थ हैं और संख्या पाँच श्राद्ध परिष्कार के तीन अवान्तर ग्रन्थ। इस प्रकार इस महाग्रन्थ के 23 अवान्तर ग्रन्थों का उल्लेख मिलता है पर नाम निर्देश नहीं।

**(घ) परिशिष्टानुग्रहः** (महाग्रन्थ) - विप्रकीर्णविषयसंग्रह दशिका (10)

(1) शास्त्र परिचय (कौषीतकोपनिषद् व ऐतरेयोपनिषद्) (2) वेदार्थभ्रमनिवारण

(3) वेदधर्मव्याख्यान पंचिका (4) प्रत्यन्त प्रस्थानमीमांसा (समुद्र यात्रा निर्णय)

(5) गोत्रप्रवर-पताका (6) जातिपंचिका

(7) सम्प्रदायपंचिका (8) इन्द्रध्वजोत्थापन पद्धतिः

(9) धर्मतत्त्वसमीक्षा (धर्मसम्बन्धी व्याख्या) इत्यादि

**आगम महाखण्ड**

इस महाखण्ड में 6 महाग्रन्थ हैं जिनमें 120 अवान्तर ग्रन्थ हैं। इन 120 ग्रन्थों की विस्तृत सूची उपलब्ध नहीं है। केवल 6 महाग्रन्थों का ही नामोल्लेखन प्राप्त होता है। इनका विवरण इस प्रकार है-

1. सिद्धान्तागमरहस्यम् 2. संहितागमरहस्यम् 3. डामरागमरहस्यम्

4. यामलागमरहस्यम् 5. कल्पागमरहस्यम् 6. तन्त्रागमरहस्यम्

इस प्रकार आपके कुल 254 ग्रन्थों का उल्लेख वेदांक (संस्कृत रत्नाकर विशेषांक) संवत् 1993 में प्रकाशित तथा 'श्री मधुसूदन वैदिक विज्ञानक प्रकाशक कार्यालय' के सूचीपत्रानुसार किया गया है।

इनके अतिरिक्त आपके अनेक महत्त्वपूर्ण लेख पदनिरुक्तम् तथा शब्दविकृतिहेतवः शीर्षकों से संस्कृत रत्नाकर के प्राचीनतम अंकों (1904 ई.) में प्रकाशित हुए हैं। आप बहुचर्चित प्रतिभा के धनी होने के साथ ही इस युग के अद्वितीय विद्वान् थे। आपके अप्रकाशित ग्रन्थों का प्रकाशन अत्यावश्यक है, जिनकी समीक्षा कर आपके विज्ञान को सही रूप में प्रस्तुत किया जा सकता है।

# श्रीगणेशचतुर्थी

## (भाद्रपद शुक्ल चतुर्थी)

**श्रीमती प्रतिभा गर्ग**
जोधपुर

**गजाननं भूतगणादि सेवितं कपित्थजम्बूफलचारुभक्षणम्।**
**उमासुतं शोकविनाशकारकं नमामि विघ्नेश्वरपादपङ्कजम्॥**

भाद्रपद शुक्ल चतुर्थी को मध्याह्न के समय विघ्नविनायक भगवान् गणेश का जन्म हुआ था। अतः यह तिथि मध्यान्हव्यापिनी लेनी चाहिये। इस दिन रविवार अथवा मंगलवार हो तो प्रशस्त है। गणेशजी हिन्दुओं के प्रथम पूज्य देवता हैं। सनातन धर्मानुयायी स्मार्तों के पञ्चदेवताओं में गणेश जी प्रमुख हैं। हिन्दुओं के घर में चाहे जैसी पूजा या क्रियाकर्म हो, सर्वप्रथम श्रीगणेशजी का आवाहन और पूजन किया जाता है। शुभ कार्यों में गणेश की स्तुति का अत्यन्त महत्त्व माना गया है। गणेश जी विघ्नों को दूर करने वाले देवता हैं। इनका मुख हाथी का, उदर लम्बा तथा शेष शरीर मनुष्य के समान है। मोदक इन्हें विशेष प्रिय है। बंगाल की दुर्गापूजा की तरह महाराष्ट्र में गणेश पूजा एक राष्ट्रिय पर्व के रूप में प्रतिष्ठित है।

गणेशचतुर्थी के दिन नक्तव्रत का विधान है। अतः भोजन सायंकाल करना चाहिये तथापि पूजा यथासम्भव मध्यान्ह में ही करनी चाहिये, क्योंकि-

**पूजाव्रतेषु सर्वेषु मध्याह्नव्यापिनी तिथिः।**

अर्थात् सभी पूजा-व्रतों में मध्याह्नव्यापिनी तिथि लेनी चाहिये।

भाद्रपद शुक्लपक्ष को चतुर्थी तिथि को प्रातःकाल स्नानादि नित्यकर्म से निवृत्त होकर अपनी शक्ति के अनुसार सोने, चाँदी, ताँबे, मिट्टी, पीतल अथवा गोबर से गणेश की प्रतिमा बनाये या बनी हुई प्रतिमा का पुराणों में वर्णित गणेशजी के गजानन, लम्बोदरस्वरूप का ध्यान करे और अक्षत- पुष्प लेकर निम्न संकल्प करे-

**ॐ विष्णुर्विष्णुर्विष्णुः अद्य दक्षिणायने सूर्ये वर्षर्तौ भाद्रपदमासे शुक्लपक्षे गणेशचतुर्थ्यां तिथौ अमुकगोत्रोऽमुकशर्मा / वर्मा / गुप्तोऽहं विद्याऽऽरोग्यपुत्रधनप्राप्तिपूर्वकं सपरिवारस्य मम सर्वसंकट निवारणार्थं श्रीगणपतिप्रसादसिद्धये चतुर्थीव्रताङ्गत्वेन श्रीगणपतिदेवस्य यथालब्धोपचारैः पूजनं करिष्ये।**

हाथ में लिये हुए अक्षत-पुष्प इत्यादि गणेशजी के पास छोड़ दे।

इसके बाद विघ्नेश्वर का यथाविधि 'ॐ गं गणपतये नमः' से पूजन कर दक्षिणा के पश्चात् आरती कर गणेशजी को नमस्कार करे एवं गणेशजी की मूर्ति पर सिन्दूर चढ़ायें। मोदक और दूर्वा की इस पूजा में विशेषता है। अतः पूजा के अवसर पर इक्कीस दूर्वा दल भी रखे तथा उनमें से दो-दो दूर्वा निम्नलिखित दस नाममन्त्रों से क्रमशः चढ़ायें -

**१- ॐ गणाधिपाय नमः** **२- ॐ उमापुत्राय नमः** **३- ॐ विघ्ननाशनाय नमः**
**४- ॐ विनायकाय नमः** **५- ॐ ईशपुत्राय नमः** **६- ॐ सर्वसिद्धिप्रदाय नमः**
**७- ॐ एकदन्ताय नमः** **८- ॐ इभवक्त्राय नमः** **९- ॐ मूषकवाहनाय नमः**
**१०- ॐ कुमारगुरवे नमः**

पश्चात् दसों नामों का एक साथ उच्चारण कर अवशिष्ट एक दूब चढ़ाये। इसी प्रकार इक्कीस लड्डू भी गणेशपूजा में आवश्यक होते हैं। इक्कीस लड्डू का भोग रखकर पाँच लड्डू मूर्ति के पास चढ़ाये और पाँच ब्राह्मण को दे दे एवं शेष को प्रसादस्वरूप में स्वयं ले ले तथा परिवार के लोगों में बाँट दे।

पूजन की यह विधि चतुर्थी के मध्याह्न में करे। ब्राह्मणभोजन कराकर दक्षिणा दें और स्वयं भोजन करें। पूजन के पश्चात् नीचे लिखे मन्त्र से वह सब सामग्री ब्राह्मण को निवेदन करे-

**दानेनानेन देवेश प्रीतो भव गणेश्वर।**
**सर्वत्र सर्वदा देव निर्विघ्नं कुरु सर्वदा ।**
**मानोन्नतिं च राज्यं च पुत्रपौत्रान् प्रदेहि मे ॥**

इस व्रत से मनोवाञ्छित कार्य सिद्ध होते हैं; क्योंकिविघ्नहर गणेशजी के प्रसन्न होने पर क्या दुर्लभ है ? गणेशजी कायह पूजन बुद्धि, विद्या तथा ऋद्धि-सिद्धि की प्राप्ति एवं विघ्नों के नाश के लिये किया जाता है। कई व्यक्ति श्रीगणेश सहस्त्रनामावली के एक हजार नामों से प्रत्येक नाम के उच्चारण के साथ लड्डू अथवा दूर्वादल आदि श्रीगणेशजी को अर्पित करते हैं। इसे गणपतिसहस्त्रार्चन कहा जाता है।

# श्रीगोगानवमी - गोगामेड़ी-दर्शन

## (भाद्रपद कृष्ण नवमी)

**श्रीमती अंजना शर्मा**
प्रबन्धक
देव स्थान विभाग, जयपुर

भाद्रपद श्रीकृष्णाष्टमी के दूसरे दिन की पुण्यतिथि नवमी ही 'श्रीगोगानवमी' नाम से प्रसिद्ध है। इसी तिथि को श्रीजाहरवीर गोगाजी का जन्मोत्सव श्रद्धालु भक्तों द्वारा अपार भक्ति-भाव से मनाया जाता है। इस अवसर पर बाबा जाहरवीर गोगाजी के भक्तगण अपने घरों में निज इष्टदेव की थाड़ी (थान-वेदी) बनाकर अखण्डज्योति जागरण कराते हैं तथा परम्परागत अपने पुरोहित नाथ योगियों द्वारा डौंरू सारंगी की ध्वनि के साथ जाहरवीर की शौर्य गाथा एवं जन्म कथा श्रवण करते हैं। इस प्रथा को जाहरवीर की जीत-कथा-जागरण कहा जाता है। प्रान्तीय मान्यताओं के अनुसार श्रीगोगाजी महाराज को जाहरवीर, गोगावीर, गुगालवीर, गोगागों एवं जाहरजहरी नाम से भी पुकारा जाता है।

आपकी जन्मस्थली राजस्थान के 'चूरू' जनपद में 'ददरेबा' नाम से तथा पूजास्थली समाधि-मन्दिर 'गोगामेड़ी' नाम से प्रसिद्ध है। जो तहसील भादरा, जनपद गङ्गानगर के सन्निकट स्थित है।

बाबाश्री की पूजा सामग्री में लौंग, जायफल, कर्पूर, गुग्गुल और गो-घृत विशेषरूप से प्रचलित हैं। चूंकि श्रीगोगाजी का शुभ वाहन नीलवर्ण का घोड़ा रहा है। सम्भवतः इसी कारण बाबा के नीलाश्व को प्रसन्न करने की कामना से उनके भोग प्रसाद में हरी दूब एवं चने की दाल समर्पित को जाती है और चन्दन-चूरा बाबा की समाधि पर मला जाता है। श्रीगोगाजी के प्रादुर्भाव की कथा नाथ सम्प्रदाय के योगपन्थ से मिली हुई है। योगी गोरक्षनाथ ने ही आपकी माता बाछल को उनकी पूजा-अर्चना-तपस्या से प्रसन्न होकर प्रसादरूप में अभिमन्त्रित गुग्गुल प्रदान किया था। जिसके प्रभाव से पाँच बन्ध्या माताओं ने पाँच पुत्रों (वीरों )को जन्म दिया था। क्रमशः महारानी बाछल से जाहरवीर गोगाजी, पुरोहितानी से नरसिंह पाण्डे, दासी से मनुवीर, महतरानी से रत्नावीर तथा बन्ध्या घोड़ी से नीलाश्व वीर का प्रादुर्भाव हुआ। ये पाँचों वीर अपूर्व चमत्कारी तथा असाधारण व्यक्तित्वधारी थे। इन वीरों का सनातनधर्म एवं गौरक्षार्थ यवन राजाओं से संग्राम हुआ जिसमें श्रीगोगाजी एवं नीलाश्व को छोड़कर रत्ना एवं मनुवीर वीरगति को प्राप्त हुए। अन्त में गुरु गोरक्षनाथके योग, मन्त्र, प्रभाव एवं प्रेरणा से प्रेरित होकर श्रीजाहरवीर गोगाजी ने नीले घोड़े सहित धरती में जीवित समाधि लेकर अमर बलिदान की धर्मध्वजा फहरायी।

समाधि के पश्चात् वीर गोगाजी ने प्रकट होकर कितनी ही बार भक्तों की मनोकामनाएँ पूर्ण की हैं और आज भी भक्तों की मान्यताओं एवं विश्वास के अनुसार वे प्रत्यक्ष- अप्रत्यक्षरूप से भक्तों का मार्गदर्शन करते हैं और उनके विश्वास को जगाते हैं। इसी कारण गोगाजी को प्रकटवीर (जाहरवीर) कहा जाता है।

**बागड़-दर्शन एवं यात्रा**

भाद्रपद कृष्ण पञ्चमी को भारत के अनेक प्रान्तों से भक्तगण अपने गाँव, नगर एवं शहरों से अपने-अपने कुलगुरु (नाथयोगियों) द्वारा पथवारी माता का विधिवत् पूजन कराकर सपरिवार पीले वस्त्र धारण करके नगर- परिक्रमा करते हुए बागड़-दर्शन हेतु प्रस्थान करते हैं।

प्रातः गोगानवमी के दिन गोरखटीले के समक्ष करीब डेढ़ कि०मी० की दूरीपर स्थित समाधि मन्दिर गोगामेड़ी के लिये प्रस्थान किया जाता है। इस प्राचीन मन्दिर के अंदर वीर गोगाजी की अमर समाधि है। इस समाधि पर भक्तगण अटूट श्रद्धाभाव से परिक्रमा करते हुए अपने दोनों हाथों से चन्दन-चूरे का मर्दन करते हैं। यह तो रहा राजस्थान का बागड़-दर्शन मेला।

इसके इतर हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश आदि प्रान्तों में भी श्रीगोगाजी के मेलों का क्रम बना ही रहता है। यथा- जनपद सहारनपुर में गुगालवीर का मेला, जागल में गोगावीर का मेला, बिजनौर के चाँदपुर- दारानगरगंज में छड़ियों का मेला, नैनीताल रामनगर में जहानाबाद का जाहरवीर की छड़ियों का मेला। इसी प्रकार मथुरा, आगरा, झाँसी, फर्रुखाबाद, भोलेपुर, एटा 'रघुनाथपुर गद्दी' पर जाहरवीर गोगा दिवान का मेला भी प्रचलित है।

यात्रा के पश्चात् यात्रीगणों का निज-निज नगरों में आगमन होता है। पुनः पथवारी-पूजन के पश्चात् वे गृहप्रवेश करते हैं तथा गीत-मङ्गलादि और माता के छन्दों का गायन-वादन होता है, पास-पड़ोस एवं गृह-कुटुम्बियों को प्रसाद वितरण कर एक-दूसरे के गले मिलते हैं और अपने-आपको कृतकृत्य एवं धन्य समझते हैं।

# वेदों में प्रधान देवता- अग्नि देव

**देवेन्द्र सिंह मोछाल**

अग्निदेवता यज्ञ के प्रधान अङ्ग है। ये सर्वत्र प्रकाश करने वाले तथा उभा प्रदान करने वाले एवं सभी पुरुषार्थों को प्रदान करने वाले है। यज्ञों में जो होता आदि ऋत्विज् होते हैं, वे अग्निदेवता ही है। सभी रत्न अग्नि से उत्पन्न होते हैं और सभी रत्नों को यही धारण करते हैं। शाक्यूणि नामक निरुक्ताचार्य ने सर्वप्रथम अग्नि शब्द की तीन धातुओं से निरुक्ति की थी। इसकी धातु 'अञ्ज' है जो प्रकाश-अर्थ में है। दूसरी धातु 'दह' है जो जलाने के अर्थ में है। जिसमें 'ह' का गकार हो गया है। तीसरी धातु है 'नी' जिसका अर्थ है नयन करना, नेतृत्व करना। इस प्रकार अग्निदेवता दाह, प्रकाश और यज्ञ के भागों को नयन करने के कारण ही अपने अनुगुण नाम वाले प्रसिद्ध हैं।

वेदों में सर्वप्रथम ऋग्वेद का नाम आता है प्रथम शब्द 'अग्नि' ही प्राप्त होता है। अतः यह कहा जा सकता है कि विश्व-साहित्य का प्रथम शब्द 'अग्नि ही है। ऐतरेय आदि ब्राह्मण ग्रंथों में यह बार-बार कहा गया है कि देवताओं में प्रथम स्थान अग्नि का है और विष्णु का स्थान सबसे अन्त में या चरम एवं परम है-

**'अग्निर्वै देवानां प्रथमः विष्णुः परमः ।'**

आचार्य यास्क एवं सायणाचार्य ऋग्वेद के प्रारम्भ में अग्नि की स्तुति का कारण यह बतलाते है कि अग्नि देवताओं में अग्रणी हैं और सबसे आगे-आगे चलते हैं, युद्ध में सेनापति का काम करते हैं, इन्हीं को आगे कर युद्ध करके देवताओं ने असुरों को परास्त कर दिया था।

नियुक्त के रचयिता महर्षि यास्क के अनुसार 'अग्नि' आद्य- स्थान या पृथ्वी-स्थान के सर्वप्रथम एवं सर्वमान्य देवता है। इसके आगे दैवतकाण्ड के सातवें अध्याय के तीसरे खण्ड में अग्निदेवता के भक्ति-साहचर्य में उनके परिकरों का उल्लेख करते हुए यास्क ने कहा है कि अग्नि पृथ्वी-स्थान से सम्बद्ध इस लोक तथा प्रातःसवन नामक सोम-संस्था से सम्बद्ध है। इनका ऋतु वसन्त कहा गया है। ये गायत्री छन्द, त्रिविध स्तोम और रथन्तर सामद्वारा उपगीत किये जाते हैं। पृथ्वी-स्थान के जितने भी देवता कहे गये हैं- जैसे आप्रीगण, ग्रावाण एवं अभिषव- ये सब इनके सहचर हैं और

देवताओं में आग्नायी इनकी पत्नी हैं। पुराणों के अनुसार इनकी पत्नी स्वाहा है तथा पृथ्वी एवं इलादेवी भी इनके भक्ति-साहचर्य के अन्तर्गत आती हैं। ये सभी देवता अग्निदेवता के भक्ति-साहचर्य के अन्तर्गत आते हैं। ये सब देवताओं के मुख हैं और इनमें आहुतियों एवं हविष् आदि को डालकर इनके द्वारा संवाहित होकर देवताओं के भाग उनके पास पहुँचते हैं। यही सब देवताओं के भाग को पहुँचाते हैं। इन्द्र, सोम, वरुण, पर्जन्य तथा ऋतुएँ इनके साथ संस्तुत एवं प्रार्थित होते हैं और प्रायः इनके साथ सम्बद्ध रहते हैं। केवल ऋग्वेद में अग्नि के दो सौ सकल सूक्त प्रात होते हैं। और प्रायः दो सौ और सूक्तों में इनकी छिटफुट स्तुतियाँ मिलती हैं तथा अन्य देवों के साथ भी इनकी स्तुतियाँ की गयी हैं। इसी प्रकार यजुः, साम और अथर्ववेद में भी अनेक सूक्तों एवं ऋचाओं में इनकी स्तुतियाँ प्राप्त होती हैं। ऋग्वेद के प्रथम सूक्त में अग्नि की प्रार्थना करते हुए विश्वामित्र के पुत्र मधुच्छन्दा ऋषि कहते हैं कि मैं सर्वप्रथम अग्निदेवता की ही स्तुति करता हूँ, जो सभी यज्ञों के पुरोहित कहे गये हैं। पुरोहित राजा का सर्वप्रधान आचार्य होता है और वह उसके समस्त अभीष्टों को सिद्ध करता है। इसी प्रकार अग्नि देवता भी आहुतियों को पहुँचाकर देवताओं के और देवताओं के द्वारा यजमान के सभी अभीष्ट कामनाओं को पूर्ण करवाते हैं।

अग्नि को देवता इसलिये कहा गया है कि ये दान करते दीपन करते हैं और द्योतन या सर्वत्र प्रकाश करते हैं। द्युस्थान या स्वर्गलोक में निवास करते हैं, इसलिये इन्हें देवता कहा जाता है-

**देवो दानाद्वा दीपनाद्वा द्योतनाद्वा द्युस्थानो भवतीति वा, देवः सा देवता।**

अग्निदेव की प्रार्थना बहुत पहले भी भृगु, अङ्गिरा आदि ऋषियों ने की थी और इस समय या वर्तमान समय के भी ऋषि-महर्षि अग्निदेवता की स्तुति करते हैं। वही सभी देवताओं को हविष् प्राप्त कराते हैं। अग्नि की प्रार्थना से यजमान धान्य, पशु आदि समृद्धि को प्राप्त करता है। प्रतिदिन उसकी शक्ति, प्रतिष्ठा, आयु, पुत्र, परिवार आदि की वृद्धि होती है। इसके बाद जब अग्नि प्रत्यक्षरूप से प्रकट हो गये तब उनकी प्रत्यक्षरूप से स्तुति करने लगे, वे कहते है कि हे अग्निदेव आप पूरे यज्ञकुण्ड में व्याप्त हो गये हैं और यह हविष् सभी देवताओं को तृप्त करता हुआ स्वर्ग पहुँचता है। आप पूर्वदिशा से लेकर उत्तरदिशा तक चारों दिशाओं में मार्जालीय, गार्हपत्य, आग्नीध्र रूपों में स्थित है।अब यहां कोई भी राक्षस या यमलोक के प्राणी बाधा देने के लिये नहीं आ सकते। वे किसी की हिंसा नहीं कर सकते। आप सभी हविष्य ग्रहण करने वाले देवताओं के साथ यहां पधारे हुए हैं और आप भूत,भविष्य ,वर्तमान सभी को जानते है। आपकी कीर्ति समूचे संसार में व्याप्त है। हे अग्निदेव आप यज्ञ करने वाले को धन-धान्य, गृह, क्षेत्र, उद्यान,स्त्री-पुत्र और गौ, अश्व, महिष-महिषी, हस्ती आदि पशुओ को प्रदान कर परम कल्याण करते हैं। हमलोग यज्ञ के अनुष्ठान करने वाले

अपनी बुद्धि से आपकी स्तुति करते है और समय-समय पर आहुति भी देते हैं। आप हम लोगों को उचित फल प्रदान कीजिये, जैसे पिता अपने पुत्र की रक्षा करता हुआ सभी प्रकार का कल्याण करता है, वैसे आप भी कृपा पूर्वक हमारी रक्षा करते हुए हमारे सभी श्रेयों की रक्षा कीजिये।

**अग्निदेव का स्वरूप-निरूपण**

कर्मकाण्ड-प्रन्थों में तथा मूल वैदिक संहिताओ में भी जो अग्निदेव के स्वरुप का वर्णन किया गया है, उसमे उसका रंग सर्वथा लाल या रक्त-पीत-वर्णमिश्रित बताया गया है। यास्कीय निरुक्त (१३/७) तथा ऋग्वेदसंहिता (४/५८/३) के भाष्यों के अनुसार चारों वेद ही अग्निदेव के श्रृङ्स्वरूप हैं और प्रातः, मध्याह्न और सायं सवनरूपी तीन सोमयज्ञ के अङ्ग इनके पैर हैं। सारण के अनुसार ब्रम्होदन एवं प्रवर्ग्य नाम की दो इष्टियां इनके सिर या शीर्ष स्थानीय है तथा यास्क के अनुसार प्रायणीय और उदयनीय-ये इनके दो सिर है। गायत्री आदि सातों छन्द इनके सात हाथ है और मन्त्र, ब्राह्मण, सूत्र (कर्मकाण्ड) ये तीन नियमों से बंधे हुए है। धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष सभी फलों की वृष्टि करते हैं। ऋग्, यजु, साम आदि वेदों से मुखरित होते हैं तथा महानुभावात्मक देवता यजमानों के द्वारा यज्ञ-विधान से उपचर्चित एवं उपासित होते हैं।

ऋग्वेद के अनुसार उनका मुख एवं पृष्ठ नवनीत से लिप्त है तथा उनके दाँत अत्यन्त चमकीले और उनकी दाढ़ी सुवर्ण- वर्ण की है।

भगवान् अग्निदेव की सात जिह्वाएँ बतायी गयी हैं। तदनुसार रूप और गुणों के अनुसार उन जिह्वाओं के नाम इस प्रकार हैं-१-काली, २-कराली, ३-मनोजवा, ४-सुलोहिता, ५-धूमवर्णा, ६-स्फुलिङ्गिनी तथा ७-विश्वरुचि।

पुराणों के अनुसार अग्निदेव की पत्नी स्वाहा के पावक (दक्षिणाग्नि), पवमान (गार्हपत्य) और शुचि (आहवनीय) नामक तीन पुत्र हुए (भागवत ४/१/६०)। इनके पुत्र- पौत्रों की संख्या उनचास है। भगवान् कार्तिकेय को अग्निदेवता का भी पुत्र माना जाता है तथा पुराणों के अनुसार स्वारोचिष नामके द्वितीय मनु भी इनके पुत्र कहे गये हैं।

अग्निदेव अष्टलोकपालों तथा दस दिक्पालों में द्वितीय स्थान में परिगणित हैं। ये आग्नेयकोण के अधिपति हैं। अग्नि अथवा आग्नेय नामक प्रसिद्ध महापुराण के ये ही वक्ता है, जिसमें मुख्यरूप से वेदविधान, कर्मकाण्ड, धनुर्वेद, आयुर्वेद आदि उपवेदों के साथ ही धर्म, दर्शन, राजनीति एवं वेदाङ्गों का भी विस्तार से निरूपण हुआ है। प्रभास क्षेत्र में सरस्वती नदी के तट पर इनका मुख्य तीर्थ है जिसके समीप भगवान् कार्तिकेय, श्राद्धदेव तथा गौओं के भी तीर्थ हैं।

अग्निदेवता का बीज मन्त्र **'रं'** तथा मुख्य मन्त्र **'रं वह्निचैतन्याय नमः'** है।

**ध्यान एवं नमस्कार-मन्त्र**

प्रपञ्चसार, शारदातिलक तथा श्रीविद्यार्णव आदि तन्त्र-ग्रन्थों में उनके ध्यान एवं नमस्कार के कई मन्त्र मिलते हैं जिनका आशय प्रायः समान ही है। यहाँ शारदातिलक के कुछ ध्यान उद्धृत किये जाते हैं-

**इष्टं शक्तिं स्वस्तिकाभीतिमुच्चै - दीर्घैर्दोर्भिर्धारयन्तं जवाभम्।**
**हेमाकल्पं पद्मसंस्थं त्रिनेत्रं , ध्यायेद्वह्निं बद्धमौलिं जटाभिः ॥**

'अग्निदेव अपनी बड़ी-बड़ी चार भुजाओं में क्रमशः वरमुद्रा, अभयमुद्रा, शक्ति एवं स्वस्तिक को धारण किये हुए हैं। इनके तीन नेत्र हैं और शिरोभाग में जटाएँ सुशोभित है। ये कमल के आसन पर विराजमान हैं तथा इनकी कान्ति जपा पुष्प के समान लाल है।'

**अग्निं प्रज्वलितं वन्दे जातवेदं हुताशनम् ।**
**सुवर्णवर्णममलं समिद्धं विश्वतोमुखम् ॥**

'मैं जाज्वल्यमान अग्निदेव की वन्दना कर रहा हूँ, जो धन-धान्य को देने वाले हैं तथा समस्त देवताओं के हविर्भाग को यथास्थान पहुँचा देते हैं। इनकी कान्ति प्रज्वलित स्वर्ण की सी है तथा इनकी ज्वालाएँ दशों दिशाओं में व्याप्त हैं। ये पूर्ण रूपसे अपने तेजोमय रूप में स्थित हैं।'

# राष्ट्रोपनिषत्

रचयिता
**स्व. आचार्य डॉ. नारायणशास्त्री काङ्कर विद्यालङ्कारः**
(महामहिम–राष्ट्रपति–सम्मानित)

हिन्दी-रूपान्तरण-कर्त्री
**सौ. श्रीमती इन्दु शर्मा**
एम.ए., शिक्षाचार्या

अंग्रेजी-रूपान्तरण-कर्त्ता
**महामण्डलेश्वरः स्वामी श्री ज्ञानेश्वरपुरी**
विश्वगुरुदीप आश्रम शोध संस्थानम्, जयपुरम्

**दीर्घायुष्यं सनैरोग्यं, काम्यते यदि मानवाः ! ।**
**हस्यतां हास्यतां तर्हि, विनोदः सर्व–दायकः ॥२०३॥**

हे मानवों ! यदि नीरोगता के साथ दीर्घ जीवन की कामना करते हो तो बहुत बहुत हँसो और हँसाओ । हँसी मजाक सब कुछ देने वाला है ।

O people, if you want to live a healthy and long life then laugh and make other people laugh a lot. Laughter and fun give everything.

**दुःखं येनानुभूतं न, जानीयात् स सुखं कथम् ? ।**
**तस्माद् भयं न दुःखेभ्यः, कार्यं क्वापि कदाचन् ॥२०४॥**

जिसने दुःख का अनुभव नहीं किया, वह सुख कैसे जानेगा ? अतः दुःखों मे से कहीं भी, कभी भी भय नहीं करना चाहिये ।

How can one know happiness if he did not experience sorrow? Therefore, nowhere and never should one be afraid of sorrow.

**दुग्ध–दग्धः सफूत्कारं, तक्रं पिबति शङ्कितः ।**
**अपसार्या न तच्छङ्का, कियदपि प्रयत्यताम् ॥२०५॥**

दूध का जला आदमी छाछ को भी फूँक फूँक कर पीता है । उसका डर दूर नहीं किया जा सकता, चाहे कितना भी प्रयत्न करलो ।

A person who was burned drinking hot milk will blow even on the buttermilk. His fear cannot be removed, does not matter how much one tries.

# विविध साहित्यिक गतिविधियाँ

ISSN : 2582-6360












प्रकाशक : विश्वगुरुदीप आश्रम शोध संस्थान - कीर्ति नगर, श्याम नगर, सोढाला, जयपुर

**Website :** vgda.in **Youtube :** www.youtube.com/c/vishwagurudeepashram **E-mail :** jaipur@yogaindailylife.org